# एथेनाल प्लांट में टैंक गिरा, दो की मौत

## हादसा ● नरसिंहपुर में बचई शुगर मिल का मामला, चल रहा था काम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुरः** बचई स्थित महाकौशल शुगर मिल के एथेनाल प्लांट में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात लापरवाही और तकनीकी खामी ने काल का रूप धारण कर लिया। रात करीब 1:30 बजे प्लांट का विशालकाय डीडीएस टैंक अचानक धड़धड़ाते हुए नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। इस भीषण हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना वीभत्स था कि एक मृतक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया।

**तकनीकी खराबी को किया नजरअंदाजः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्लांट में पिछले एक सप्ताह से तकनीकी समस्या बनी हुई थी। सुधार कार्य के नाम पर खानापूर्ति की जा रही थी, लेकिन उत्पादन बंद नहीं किया गया। बीती रात जब सुधार कार्य चल रहा था, तभी मौत बनकर गिरे भारी-भरकम टैंक ने जगदीश पिता लेखराम यादव 32 वर्ष, निवासी खापा शेढ़ और पवन पिता पुरुषोत्तम ठाकुर


एथेनाल प्लांट में मजदूरों पर गिरने वाला टैंक। ● नईदुनिया

30 वर्ष, निवासी सिलवानी को अपनी चपेट में ले लिया। भारी वजन के नीचे दबने से दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

इस हादसे ने न सिर्फ दो जानें लीं, बल्कि दो परिवारों के भविष्य पर अंधेरा छा दिया है। जगदीश अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था। तीन माह पहले ही काम शुरू किया था। पीछे 4 और 6 साल के दो मासूम बच्चे छोड़ गया है। वहीं पवन महज एक माह पहले नौकरी पर लगा था। उसकी 3 माह की दुधमुंही बच्ची और 2 साल का बेटा अब पिता की राह ताकेंगे।

**प्रबंधन पर उठे गंभीरः** हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में शवों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सवाल यह उठता है कि जब मशीन में एक हफ्ते से तकनीकी खराबी थी, तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए? क्या चंद रुपयों के मुनाफे के लिए मजदूरों की जान को जोखिम में डालना जायज था। क्या प्रशासन ऐसी औद्योगिक इकाइयों पर कठोर कार्रवाई करेगा जो सुरक्षा को ताक पर रखकर मौत की मशीनें चला रहे हैं? या फिर जांच की फाइलें भी इन मजदूरों की राख के साथ ठंडी पड़ जाएंगी? बताया गया है कि अस्पताल पहुंचे मिल के जीएम अभय श्रीवास्तव ने मृतकों के परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु 25-25 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा आगे भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। हालांकि, परिजनों और ग्रामीणों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।

## बालू लदे हाइवा की चपेट में आए बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मैहरः** मैहर के रामनगर थाना क्षेत्र में ग्राम भिटारी के पास बालू से ओवरलोड एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में बाइक चालक सहित बीच में बैठे पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि ग्राम डागा गुलवार निवासी लक्ष्मी पाल (45 वर्ष) अपने पिता मुज्जू पाल (65 वर्ष) और पत्नी शीला पाल (40 वर्ष) के साथ हीरो ॥स्न डीलक्स से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बालू लदे हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# पीटीआर में बाघ की संदिग्ध हालात में मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, पन्नाः** पन्ना टाइगर रिजर्व में मंगलवार को अमानगंज वन परिक्षेत्र की रमपुरा बीट के हाथीडोल क्षेत्र में एक दो वर्षीय नर बाघ का शव मिला है। यह वही बाघ है जिसे 26 अप्रैल को ग्राम तारा के आबादी क्षेत्र से ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। बाघ को गहन चिकित्सीय परीक्षण के बाद पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए कोर एरिया में छोड़ा गया था। बाघ को रेडियो कालर पहनाकर उसकी सतत निगरानी का दावा किया जा रहा था, इसके बावजूद उसकी मौत कैसे हुई, यह सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरा है। रेस्क्यू के बाद कालरिंग कर उसकी हर गतिविधि पर नजर रखने का दावा किया गया था। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर ही


मृत बाघ को लेकर जाते वन विभाग के कर्मचारी। ● सौजन्य : वीडियोग्रैब

उसकी संदिग्ध मौत होना कई सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम और फारेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगा। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व बृजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि तारा ग्राम से रेस्क्यू किए गए बाघ की आज सुबह मृत्यु होने की जानकारी मिली है, रेस्क्यू करने के बाद बाघ को रेडियो कालर पहनाया गया था और इसकी मदद से उसकी सतत मानीटरिंग की जा रही थी। बाघ की मृत्यु वन परिक्षेत्र अमानगंज बफर अंतर्गत हुई है। उसका शव पूर्णतः सुरक्षित है, आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई।

# कार्यालय नगर परिषद, लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

Phone : 07635-255202 Email : cmolanji@mpurban.gov.in

पत्र क्र.-188-192/ई-टेण्डर/2026-27 लाँजी, दिनांक 04.05.2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 2026_UAD_504921_1 05.05.2026 | निकाय को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये किराये पर टेन्ट एवं साउण्ड सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 23.05.2026 |
| 2. | 2026_UAD_504923_1 05.05.2026 | निकाय अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये स्टेशनरी सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 23.05.2026 |
| 3. | 2026_UAD_504922_1 05.05.2026 | निकाय को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये सफाई सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 5000000.00 | 5000.00 50000.00 | 08.06.2026 |
| 4. | 2026_UAD_504924_1 05.05.2026 | नगर परिषद लांजी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 3500000.00 | 5000.00 35000.00 | 08.06.2026 |
| 5. | 2026_UAD_504925_1 05.05.2026 | निकाय अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न सामग्री प्रदाय सह फेब्रीकेशन का कार्य। | 10 माह 2000000.00 | 2000.00 20000.00 | 08.06.2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

(श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले)
अध्यक्ष
नगर परिषद, लाँजी

(श्री दिनेश कचवाहे)
सभापति
लोक निर्माण शाखा, नगर परिषद, लाँजी

(मयूर वहाने)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, लाँजी

# जबलपुर की फर्म मां अम्बे नर्मदा एंटरप्राइजेस के संचालक सहित पांच पर एफआइआर दर्ज

### 10 अप्रैल को पशु प्रेमी निशा सिंह की शिकायत पर श्वानों के 795 अंग बरामद हुए थे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंडलाः** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत पशु अवशेषों के निष्पादन में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। मंडला के बिंझिया क्षेत्र में ख्वानों के 795 प्राइवेट अंग मिलने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने जबलपुर की एनजीओ मां अम्बे नर्मदा एंटरप्राइजेस के पांच लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पशु प्रेमी निशा सिंह ने शिकायत की थी। जिसके बाद नगरपालिका और प्रशाासन के द्वारा मौके पर जांच की गई थी। 10 अप्रैल को किराए के मकान में अवैध रूप से रखे इन अंगों को बरामद किया गया था। आरोप था कि एनजीओ मां अम्बे को नगरपालिका क्षेत्र मंडला में श्वानों की नसबंदी के लिए ठेका दिया गया था। जो अवैध रूप से इन अंगों को जमाकर हेराफेरी करना चाहती थी। बिना नसबंदी ही राशि हड़पने का प्रयास था। लेकिन इसके पहले ही खुलासा हो गया और फिर नपा के द्वारा कोतवाली पुलिस को मामला देने के बाद जांच उपरांत पांच लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**संक्रमण फैलने की थी आशंकाः** प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना पशु अवशेषों को असुरक्षित तरीके से रखा गया, जिससे मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा मृत पशुओं के अवशेषों का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण नहीं किया गया। बताया गया कि बड़ी संख्या में पशु अवशेष बिना उचित प्रक्रिया के खुले में रखे गए थे, जिससे संक्रमण फैलने की संभावना बनी हुई थी। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा संबंधित विभागों को भी सूचित किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## तालाब किनारे खेलने गए दो मासूम डूबे, मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सिवनीः** जिले के उगली थाना अंतर्गत पिपरिया गांव के पीपरताल जलाशय में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई है। मृतक बच्चे 4 मई की शाम तालाब किनारे खेलने गए थे। मृतकों की पहचान अमित पुत्र राकेश पंद्रे (8) तथा संजीव पुत्र शिवचरण अड़मे (8) पिपरिया गांव निवासी के रूप में हुई है। बच्चों के शव को ग्रामीणों व तैराकों की मदद से उगली पुलिस ने देर रात 12 बजे खोजकर निकाला। थाना के एएसआइ सुमेरचंद उइके ने बताया कि घटनास्थल की परिस्थितियां देखकर पुलिस अनुमान लगा रही है कि शौच के बाद तालाब किनारे पहुंचा एक बालक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के प्रयास में दूसरा मासूम भी तालाब में डूब गया।

# मऊगंज में पुलिस पर हमला, अभद्रता कर वर्दी फाड़ी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मऊगंज :** मऊगंज थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। चोरी के मामले में नोटिस तामील कराने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों और आरोपित पक्ष के लोगों ने न सिर्फ हमला कर दिया, बल्कि एक महिला आरक्षक को कमरे में बंद कर बंधक बना लिया। घटना के दौरान महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट व अभ्रदता की, इस दौरान कुछ पुलिस कर्मियों की वर्दियां फट गईं।

कुलबहेरिया गांव निवासी रामलखन शर्मा पिता कालूराम शर्मा ने सितंबर 2025 में मऊगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके छोटे बेटे और बहू


पुलिस वाहन के सामने जमीन पर लेटी महिला। ● सौजन्य : इंटरनेट मीडिया

के कमरे में रखी पेटी से करीब 40 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने अपनी बड़ी बहू प्रियंका पर संदेह जताया था, जो घटना के बाद अपने मायके शुकुलगवां चली गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी क्रम में आज पुलिस टीम प्रियंका को नोटिस देने उसके मायके शुकुलगवां पहुंची थी। जैसे ही पुलिस टीम ने घर पहुंचकर नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू की, माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि प्रियंका के स्वजन और वहां मौजूद कुछ

● चोरी के मामले में नोटिस देने गई थी टीम

ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए महिला आरक्षक को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट और अभद्रता की गई। भीड़ ने पुलिस वाहन के सामने लेटकर रास्ता जाम करने की कोशिश भी की। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि अतिरिक्त पुलिस बुलानी पड़ी। इसके बाद पुलिस ने महिला आरक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए सात अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन विभाग मंडल कार्यालय, 1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) 482001
ईमेल - cojbprec@pnb.bank.in, दूरभाष - 0761-4924461

## अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय - 26.05.2026 दोपहर 12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा: जबलपुर (म.प्र.) (019710)** 1. श्री आशीष कुमार दहिया पिता मनोज दहिया (उधारकर्ता) 2. श्रीमती मीरा बाई दहिया पति श्री मनोज दहिया (सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) 3. श्री रेशू दहिया पिता श्री मनोज दहिया (सह-उधारकर्ता) सभी पता 1: सी/ओ मनोज दहिया, हाउस नंबर 2006, नया 1042, राजपत खंडेलवाल बिल्डिंग, वार्ड नंबर 45 शीतला माता वार्ड, पीओ हाई कोर्ट, जबलपुर (म.प्र.) - 482007 2: 152-ए, बालाजी सिटी फेज़ I, छतरपुर रोड के पास, चन्द्रशेखर आज़ाद वार्ड नंबर 3, पनागर, जबलपुर (म. प्र.) 483220 खाता संख्या 019710NC00000250 | मौजा पनागर, में स्थित दो मंजिला आवासीय संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश एन.बी. 212, पीएच नंबर 19, प्लॉट नंबर 152 ए, क्षेत्रफल 12.5 फीट X 50 फीट = 625 वर्ग फुट (58.08 वर्ग मीटर) (खसरा नंबर 1221 का हिस्सा होने के नाते), नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय के पत्र नम्बर 3959/नगरानी/एल-57/08.11.12 दिनांक 30.11.2012 के अनुसार विकसित 'बालाजी सिटी चरण।' के स्वीकृत लेआउट पर, डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 1207, खसरा नंबर 1224, खसरा पर नंबर 1212, खसरा नंबर 1217, खसरा नंबर 1218, खसरा नंबर 1219, खसरा नंबर 1220, खसरा नंबर 1221, खसरा नंबर 1222 और खसरा नंबर 1223, आरएनएम पनागर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर (म.प्र.) और जो 14.03.2023 को पंजीकृत विक्रय पत्र के अनुसार, **चतुर्सीमा: उत्तर:** भूखंड नंबर 152 बी, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 151, **पूर्व:** प्लॉट नंबर 161, **पश्चिम:** कॉलोनी रोड, **मालिक और बंधककर्ता - श्रीमती मीरा बाई दहिया पति मनोज दहिया, नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB019700001** | अ) 17.01.2025 ब) 01.04.2025 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू 14,52,414.59 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 15,53,776.00 ब) 1,55,377.60 स) 26.05.2026 द) 10,000.00 |
| **2. शाखा: रामपुर चौक, जबलपुर (म.प्र.)** 1) (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) श्रीमती पूर्णिमा पांडे पति श्री सुरेश पांडे, पता 1: 224, आकांशा अपार्टमेंट के पास, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, पता 2: मकान नंबर 2339, पंसारी मोहल्ला, सब्जी मंडी, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, 2)(उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्री सुरेश पांडे पिता श्री उमा शंकर पांडे, पता 1: 224, आकांशा अपार्टमेंट के पास, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, पता 2: मकान नंबर 2339, पंसारी मोहल्ला, सब्जी मंडी, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, 3) (जमानतदार) श्री नरेश पांडे पिता श्री उमा शंकर पांडे, पता: फ्लैट नंबर 14, दीप अपार्टमेंट, नागपुर रोड, जबलपुर (म.प्र.) - 482001, खाता संख्या 520500NC00004524, DRT SA No. 764/2023 | निगम मकान नंबर 224 (पुराना), 2345 (नया), पहली मंजिल पर स्थित, मौजा गोरखपुर, एन.बी.605, पी.एच.नंबर 29, डायवर्सन खसरा नंबर 272, प्लॉट नंबर 153/1ग, आकांशा अपार्टमेंट के पास, बनारसी दास भनोट वार्ड, ग्वारीघाट रोड गोरखपुर, तहसील एवं जिला जबलपुर (म.प्र.), क्षेत्रफल 517 वर्ग फीट (भूमि पर अविभाजित हिस्सा 1/3 अर्थात 171 वर्ग फीट), **चतुर्सीमा: उत्तर:** राजू चौहान की संपत्ति, **दक्षिण:** साईड रोड, **पूर्व:** राठौड़ जी का मकान, **पश्चिम:** श्री राजेंद्र पांडे का मकान, **मालिक और बंधककर्ता** - श्रीमती पूर्णिमा पांडे पति श्री सुरेश पांडे और श्री सुरेश पांडे पिता श्री उमा शंकर पांडे, **नीलामी संदर्भ संख्या: PUNB660400006** | अ) 17.11.2022 ब) 05.07.2023 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 3,13,480.00 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 18,61,200.00 ब) 1,86,120.00 स) 26.05.2026 द) 10,000.00 |

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना

**नियम एवं शर्ते :** (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपत्तियों की बिक्री ''जो है, "जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें।

स्थानः जबलपुर, दिनांक 06.05.2026 — पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, खरगोन जिला-खरगोन म.प्र.

निविदा सूचना क्रमांक/28/MCK/5161/ई-टेंडर/2026 खरगोन, दिनांक : 24/04/2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत सप्लायर/ फर्म/ ठेकेदारों/ एजेंसी से निम्नांकित कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| अ. क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_503258_1 Date 27.4.2026 | वार्ड क्र. 1 से 33 तक में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पाईप लाईन बदलने का कार्य | 12 माह लागत - 30505793/- | 15000/- 152529/- | 26/05/2026 5:30PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

छाया जोशी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खरगोन
भोलू कर्मा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खरगोन
दुर्गाकिशोर राठौर, सभापति, जल कार्य एवं सिवरेज विभाग नगर पालिका परिषद, खरगोन
कमला कोल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद खरगोन

## कार-पिकअप में जोरदार भिड़ंत, मां-बेटे की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, डिंडौरीः** जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतना के पास मंगलवार की शाम अमरकंटक रोड में एक अर्टिका कार और मालवाहक पिकअप में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में मौके पर जहां मां-बेटे की मौत हो गई वहीं मृतक की भाभी सहित वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। गाडासरई थाना प्रभारी अमृत लाल तिग्गा ने बताया कि किशन लाल साहू पिता प्यारे लाल साहू 30 वर्ष निवासी गोरखपुर अपनी मां और भाभी के साथ इलाज कराने मंडला गया था। मंगलवार की दोपहर लगभग साढे तीन बजे वापस लौटते समय रतना के पास अमरकंटक की ओर से आ रहे जीआरटीसी कंपनी के पिकअप वाहन से आमने सामने भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी की कार के जहां परखच्चे उड गए वहीं पिकअप वाहन सडक में पलट गया। दुर्घटना में किशन साहू सहित उनकी मां प्यारी बाई पति प्यारे लाल साहू उम्र 72 वर्ष की भी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना में कार चालक संदीप साहू पिता सरवन साहू उम्र 37 वर्ष निवासी माधोपुर और मृतक किशन की भाभी गायत्री साहू पति अजय साहू 35 वर्ष घायल हैं।

# कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर लोककर्म विभाग

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. No.:/PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO-129 Date : 05.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_504942_1 05.05.2026 | संभाग क्रमांक-04 : गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत प्रेमनगर सरोज कंडा गली नीरज के पास एवं विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कवर्ड एवं सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (द्वितीय निविदा) | 02 माह रू. 1.94 | 1000/- 3900/- | 20.05.2026 |
| 2. | 2026_UAD_504942_2 05.05.2026 | संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत पुराना पान बरेजा क्षेत्र में नोरिया जी दीपू सिंह श्री बेन एवं विमला भदोरिया जी के निवास के पास नाली निर्माण / कबर्ड एवं सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (द्वितीय निविदा) | 03 माह रू. 4.13 | 2000/- 4135/- | 20.05.2026 |
| 3. | 2026_UAD_504942_3 05.05.2026 | संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत अतिरिक्त महाअधिवक्ता श्री रूपराह जी के निवास वाली रोड (बागरी गली) के दोनों ओर नाली निर्माण / कवर्ड एवं सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (द्वितीय निविदा) | 03 माह रू. 8.39 | 2000/- 8395/- | 20.05.2026 |
| 4. | 2026_UAD_504942_4 05.05.2026 | संभाग क्रमांक-04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत प्रगतिशील कालोनी में डेनीयल मामू के घर अरिहा जी के घर तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) (द्वितीय निविदा) | 03 माह रू. 4.21 | 2000/- 4215/- | 20.05.2026 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट www.mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-04, नगर निगम, जबलपुर

जागरण | स्वस्थ समाज



अपने नकारात्मक विचारों से लड़िए

अवसाद या डिप्रेशन को छिपाएं नहीं। बात करें, आशान्वित रहें और जरूरत पड़ने पर डाक्टर की सलाह लें।

जागरण प्रकाशन लिमिटेड द्वारा जनहित में जारी